[Sardar Jagjit Singh Aurora]

be slopped. It is important that very capable and hones t officers are posied both for administrative purposes as well as for intelligence duty ; otherwise we may find the situation growing from bad to worse and we get funther embroiled in it. Thank you very much.

STATUTORY RESOLUTION SEEKING APPROVAL OF CONTINUANCE IN FORCE OF PRESIDENT'S PROCLAMATION IN RELATION TO JAMMU AND KASHMIR- Contd.

श्री विजिनय सिंह (बिहार) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, कल मैंने जहां अपनी बात खत्म की थी, आज फिर वहीं से शुरू करना चाहूंगा । कल मैं आपके माध्यम से भारत सरकार को अर्ज कर रहा था कि काश्मीर के सवाल पर हम कोई एक निश्चित राय इस देश में नहीं बना पाए अब तक । पिछले 40–42 वर्षों से एकाध पार्टी को छोड़कर काश्मीर के मामले में एक आम सहमति चली आ रही थी देश के अंदर और उसी के तहत इस देश के लोगों में जो हम अपनी नीति बनाए हुए थे धारा–370 के तहत, वह सर्वमान्य हो रही थी। मगर घटनाओं का क्रम कुछ इस तरह से बदलता जा रहा है कि पिछले दो-तीन वर्षों से जिससे कि यह देश मजबूर हो रहा है, देश के लोग मजबूर हो रहे हैं फिर से काश्मीर के बारे में एक नयी दिशा से, एक नये तरीके से सोचने के लिए और यही सबसे बड़ी जिम्मेदारी की बात आज सरकार के लिए है कि काश्मीर को भारत की सीमा के अंदर रखने की। जो परिधि आज हम सारे लोगों ने तय की है, वह भी जिम्मेदाराना बात है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो लोग काश्मीर के सवाल पर एक अलग राय रख रहे हैं जिनकी कि परिणति एकता यात्रा के रूप में हुई थी, उनसे कहना चाहूंगा और खास तौर से सरकार से कि एकता यात्रा अभी तो लोगों के मन में कोई जगह नहीं बना पायी है, लेकिन एकता यात्रा के माध्यम से देश को अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे कि काश्मीर इस देश की सीमा से अलग-थलग पड़े क्योंकि जन-भावनायें आज कुछ-कुछ अंदर से सुलग रही हैं । महोदय, गृह मंत्री जी शायद लापता हैं । वह अगर यहां होते तो इस बात को नोट करने की कोशिश करते कि आज देश के जन-मानस में ऐसी भावना बन रही है कि जहां देश के लोग यह सोचने के लिए मजबूर हो रहे हैं कि आखिर 45 सालों से कौनसी ऐसी नीति चलायी गयी जिसके तहत आज काश्मीर अलग हो गया । महोदय, कल एक जिक्र हो रहा था इसी सदन के अंदर कि आखिर कितना पैसा इस देश का जम्मू-काश्मीर पर खर्च हुआ । लोग यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं । हमने तो अपनी तरफ से तमाम कोशिशें कीं, सरकार की तरफ से तमाम अनुदान मिले, देश के दूसरे हिस्सों के पैसों को काट-काटकर काश्मीर को दिया गया ताकि काश्मीर के लोगों को यह लगे कि भारत हर हालत में काश्मीर की जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहता है। लेकिन आज वह बात लोगों के दिलों में एक याद बनकर रह गई। जो 1947–48 में हमारा रिश्ता बना था कश्मीर के लोगों से, वह रिश्ता टूट गया। कल भी मैंने कहा था और फिर से दोहरा रहा हूं कि वह इसलिए हो गया कि हमने जिन-जिन नेतृत्वों को कश्मीर में उभारने की कोशिश की, उन्हीं नेतृत्वों को केन्द्र की सरकार के द्वारा बार-बार देशद्रोही कहा गया । क्या वजह थी कि 1953 से 1955, 1955 के बाद 1974–75 का शेख अब्दुल्ला और पार्थ सारथी एकोर्ड और उसके बाद फिर 1977 का चुनाव, फिर फारूख अब्दुल्ला की सरकार फिर फारुख अब्दुल्ला के खिलाफ, जी.एम. शाह की सरकार ? यह तमाम ऐसी घटनायें घटीं कश्मीर के अन्दर, जिसकी वजह से वहां का नेतृत्व आज ऐसा हो गया है कि काश्मीर में यहां लोग गोली खा रहे हैं, कश्मीर में यहां लोग मर रहे हैं, वहां का नेतृत्व आज कश्मीर से भगा हुआ है । फिर कभी-कभी सुनने में आता है कि उसी नेतृत्व के माध्यम से हम

कश्मीर में स्थायित्व लाना चाहते हैं। कभी यह सुनने में आता है कि जिन लोगों को लंदन की सैर ज्यादा पसंद आई कश्मीर की वादियों के मुकाबले, उनको फिर से कश्मीर का नेता बनाया जा रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि चाहे आप जो तरीका अपनायें, कश्मीर का वर्तमान मौजूदा नेतृत्व, कश्मीर का वर्तमान ढांचा अब मुर्दा बन चुका है। इसमें आप जितनी जान फूकें, उसमें नई जान आने वाली नहीं है। इसलिए गृह मंत्री जी इस सदन के माध्यम से आप छह महीने के राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने की जो मांग कर रहे हैं, तो मैं आपसे गुजारिश करना चाहूंगा कि आप एक बार इस पर नए सिरे से सोचने का काम करें। दुर्भाग्य से पिछले सात-आठ महीनों में आपकी सरकार ने कोई नई सोच, कोई नई बात नहीं दिखाई। पिछली दफा जब आप राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के लिए सदन में आए थे तो आपने वादा किया था कि छह महीने के अंदर सरकार कोई ऐसी नई दिशा, ऐसी नई ताकत अपनायगी, जिससे कश्मीर का मसला हल हो जाए, मगर मुझे अफसोस है। आप छह महीने के बदले एक साल ले लें कश्मीर के लिए, सदन को कोई हिचकिचाहट नहीं होगी देने में, मगर आपने कोई तरीका, कोई रास्ता बनाया नहीं और न कोई नई दिशा तय की है। मुझे मालूम नहीं कि इस छह महीने के अंदर, जिसकी अवधि बढ़ाने की आप बात कर रहे हैं, कोई नई दिशा तय कर पाओगे या नहीं कर पाओगे।

अन्त में, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक गुजारिश और करना चाहूंगा कि कल या परसों, मैंने सुना कि एक कौंसिल की मीटिंग श्रीनगर में बुलाई गई थी। उसमें कोई नतीजा नहीं निकला। सरकार के कौनसे लोग वहां मौजूद थे ? मैं नहीं जानता। लेकिन, जो अखबारों से पढ़ने को, देखने को मिला, उससे ऐसा लगा कि कोई नतीजा नहीं निकला। अगर ऐसे ही मीटिंगों को बुलाकर बिना कोई ठोस सुझाव दिए आप जाने देंगे तो जो कुछ बची हुई संस्थायें इस देश में रह गई हैं, उनसे भी लोगों का विश्वास उठ जायगा। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि एक बार सारे राजनीतिक दलों को, सारे ऐसे लोगों को जिनके पास कोई ठोस सुझाव हों, साथ लें क्योंकि अब वक्त आपके सामने आया है जब आपको कठोर फैसला लेना होगा। अब वक्त ऐसा आया है कि जो फैसला हो वह आखिरी फैसला हो। कश्मीर के बारे में देश अब ज्यादा बर्दाश्त करने की हालत में नहीं है। वह उन्माद' कुछ लोगों ने आज कोशिश की है पिछले दिनों भड़काने की, मुझे अफसोस और डर, दोनों इस बात का है कि हमारे जैसे लोग, आपके जैसे लोग अलग-थलग पड़ जायेंगे, उन्माद में देश उनके साथ हो जाएगा। इसलिए मैं चेतावनी के साथ आपको कह रहा हूं कि आप एक बार गंभीरता से इस सवाल को सोचते हुए तमाम ऐसे लोगों को इक्कठा करने की कोशिश करो। काम तो कठिन होगा, लेकिन अगर कश्मीर को अपने साथ रखना है, कश्मीर जिसको भारत का अभिन्न हिस्सा मान चुके हैं उसको अगर साथ मिलाकर चलना है तो कश्मीर के लोगों के दिलों को जीतने का काम भारत सरकार और भारत के लोगों को करना होगा तभी उन सपनों को हम पूरा कर पायेंगे, जो सपना कुछ वर्ष पूर्व 1947–48 में गांधी जी ने देखा था। इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद।

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कल शाम जब यहां इसी विषय पर चर्चा चल रही थी तो उस समय भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य सिकन्दर बख्त साहब ने कश्मीर की चर्चा चालू की। बहुत अच्छा होता कि वे आज सदन में होते... (**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : उनके नुमाइंदे बैठे हुए हैं।

डा० अबरार अहमद : अच्छा हुआ, मुझे पता हुआ कि उनके नुमाइंदे बैठे हैं तो मुझे अब अपनी बात कहने में आसानी होगी। उन्होंने कई सवाल खड़े किए और एक सवालों की फेहरिस्त यहां

[डा० अवतार अहमद]

पढ़कर सुनाई। उसमें पहला सवाल उनका था कि कश्मीर क्या है? मुझे हैरत होती है माननीय सदस्य पर कि जिन्होंने यह सवाल पूछा कि कश्मीर क्या है? उन्हें शायद मालूम नहीं कि वह कश्मीर इस हिन्दुस्तान की रुहे-ज़मीन है, इस हिन्दुस्तान की आत्मा है, भारत माता का सिरमौर मुकुट है, हिन्दुस्तान का दिल है और जब तक चांद और सितारे रहेंगे, वह कश्मीर इस हिन्दुस्तान का अटूट अंग रहेगा। उन्होंने यह सवाल खड़ा किया।

उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सिकन्दर बख्त जी ने आरोप और प्रत्यारोप कांग्रेस पर लगाना चाहा, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि जुलाई, 1989 में मैं अपने पूरे परिवार के साथ कश्मीर गया था और उस समय कश्मीर में पूरे तरीके से शांति थी, किसी तरीके से आतंकवाद का डर नहीं था। 1989 के अंदर जब विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार आई, भारतीय जनता पार्टी ने उसका सहयोग किया, उस समय कश्मीर के अंदर एक पापुलर सरकार मौजूद थी। वहां कश्मीर में जब गवर्नर बनाने की बात आई तो वहां के मुख्य मंत्री ने कहा था कि एक आदमी को छोड़कर, जो इस हाउस के माननीय सदस्य हैं, उस एक व्यक्ति को छोड़कर आप किसी को भी गवर्नर बना दीजिए। वहां उस समय जो गवर्नर का फैसला लिया गया तो वहां की सरकार ने जिस आदमी के लिए कहा था कि उस आदमी को छोड़कर के बना दीजिए, भारतीय जनता पार्टी के प्रेशर में आकर उस विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने उसी व्यक्ति को वहां का गवर्नर बनाया जिसकी वजह से आज कश्मीर के हालात इस हद तक पहुंचे हैं और भारतीय जनता पार्टी आज अपना दामन छुड़ाना चाहती है, अपना दामन झटकाना चाहती है और कहती है कि कश्मीर के यह हालात कांग्रेस ने बनाए हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, जब माननीय गवर्नर वहां बनकर पहुंचे, उसके बाद जिस तरीके से वहां अत्याचार, दुराचार और अनाचार, जितने भी प्रकार के थे, वे सब वहां किए गए। वहां के अल्पसंख्यकों को भगाने का निर्णय उन माननीय गवर्नर महोदय ने किया। वहां के अल्पसंख्यकों को भगाने के लिए साधन मुहैया कराए गए और माननीय सिकन्दर बख्त जी कल यह कह रहे थे कि वहां पर अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार हुए, यानी वे यह कहकर हिन्दु और मुस्लिम की बात पैदा करना चाहते हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कश्मीर के अंदर जो कुछ भी घटा, उसे आप हिन्दु और मुस्लिम के अंदर नहीं बांट सकते हैं। मैं उनकी इस बात को मानता हूं कि कश्मीर के अंदर जो कुछ हो रहा है, इसमें कोई दो राय नहीं की उसमें पाकिस्तान का हाथ है। इसमें कोई दो राय नहीं कि उसके अंदर जो आतंकवादी संगठन हैं, वे इस्लामी संगठनों से जुड़ हुए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि वहां जो भी आतंकवादी संगठन हैं उसमें मुस्लिम लोग सम्मिलित हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि जितने लोग मारे गए हों, वह हिन्दू हों। वहां अगर मरने वालों की फहरिस्त आप देखेंगे तो उसमें जितने मुसलमान निकलेंगे उतने ही हिन्दू निकलेंगे। अभी मैं उनको बताना चाहता हूं कि 1991 के अंदर 382 नागरिक वहां के मारे गए, शायद उनको यह जानकर हैरानी होगी कि उनमें मुसलमानों की अक्सरियत है। तो अगर वह हिन्दू और मुसलमानों की बात कश्मीर में करके, वहां के झगड़े में मुसलमानों की बात करके यह कहना चाहते हैं कि वहां अल्पसंख्यकों पर जुल्म हुआ है, वहां हिन्दुओं पर जुल्म हुआ है तो वह हिन्दुस्तान के अंदर हिन्दू और मुसलमान के अंदर दरार डालना चाहते हैं, हिन्दू और मुसलमान के नाम पर फसाद खड़ा करना चाहते हैं और उनकी पार्टी की जो जहनियत है, वह सारे हिन्दुस्तान को बताना चाहते हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वह उस वादी के लहू को सारे हिन्दुस्तान के ललाट पर नहीं मसल सकते। सारे हिन्दुस्तान के अंदर वह हिन्दू और मुसलमान की बात करके फसाद खड़ा नहीं कर सकते।

एकता यात्रा की बात उन्होंने बड़े जोरों से कही थी। उपसभाध्यक्ष महोदय, एक यात्रा से उनके हौंसले बड़ थे और

वह यात्रा आडवाणी जी ने निकाली थी। आडवाणी जी की यात्रा और एकता यात्रा के अंदर उददेश्य उसके काफी समान थे, वह जो उद्देश्य लेकर चले थे वह एक थे । लेकिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरसिंह राव जी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया । आडवाणी जी की एकता यात्रा से उन्हें जो राजनीतिक लाभ हुआ था उस लाभ को वह एकता यात्रा से भी लेना चाहते थे, लेकिन सरकार ने उनके उद्देश्यों को पूरा नहीं किया । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो एकता की बात करते हैं, मैं राजस्थान से ताल्लुक रखता हूं और जयपुर के विश्वविद्यालय में 10 साल प्रोफेसर रहा हूं । आज भी उस जयपुर, गुलाबी नगरी से खून के छींटे मिटे नहीं हैं, जो आडवाणी जी की यात्रा के समय 50 से ज्यादा लोग मरे, जो बच्चों पर जुल्म हुए । एक मां जिसके सीने से बच्चे को अलग नहीं किया जा सका मरने के बाद भी, जो जिन्दा जलाया गया । एक घर के अंदर 7 आदमियों को चाकुओं से नोच-नोचकर मारा गया । यह आडवाणी जी की यात्रा का एक नतीजा था । वह गुलाबी नगरी आज भी उस खून की आग में दहक रही है । उसके बाद उन्होंने साम्प्रदायिकता को धार्मिक आस्था बताकर के जो राजनीतिक लाभ लिया, जो चुनावों के अंदर लाभ लिया वही लाभ ये एकता यात्रा के नाम पर, लेना चाहते थे । उपसभाध्यक्ष महोदय, जब उसके बाद चुनाव हुआ और उन्होंने यह देखा कि इस देश के प्रत्येक आदमी की धार्मिक आस्था बहुत मजबूत है और मैं भी इस बात को मानकर चलता हूं कि यह देश धार्मिक आस्था पर चल रहा है । एक गरीब आदमी जिसको तन ढकने को कपड़ा नहीं है, जिसको एक टाईम ही खाने को रोटियां हैं और उसके सामने एक ऐसा आदमी रहता है जो लम्बी-लम्बी बिल्डिंग में रहता है, बड़ी-बड़ी गाड़ियों में उसके सामने जाता है । लेकिन वह गरीब आदमी क्या सब्र करता है ? वह सब्र करता है कि जिस दिन मेरा भगवान मेरी किस्मत बदलेगा, मेरा अल्लाह मेरी किस्मत नवाजेगा तो मैं इससे भी बड़ी गाड़ी में जाऊंगा, मैं इससे भी बड़े मकान के अन्दर रहूंगा और जिस दिन वह इसकी किस्मत को बिगाड़ेगा यह मुझसे भी बदतर हालत में होगा । अगर आदमी सच बोलता है तो अपनी धार्मिक किताब के डर से या किसी कानून के डर से नहीं, अगर अनुशासन में रहता है तो वह इस बात से डरकर कि वह नीली छतरी वाला मेरे को देख रहा है । अगर वह ईमानदारी बरतता है तो इस बात से डरकर कि वह भगवान मेरे को देख रहा है । तो जब इन्होंने यह देखा कि आदमी की धार्मिक आस्था इतनी मजबूत है कि अगर उससे उसका कुरान छीन लिया जाये, उसकी गीता छीन ली जाये, उसकी बाईबिल छीन ली जाये, उससे उसका गुरु ग्रंथ साहिब छीन लिया जाये तो वह इंसान जिन्दा नहीं रह सकता । तो जब इन्होंने इस बात को देखा कि धार्मिक आस्था इतनी मजबूत है तो उन्होंने साम्प्रदायिकता को धार्मिक आस्था के नाम से प्रचारित किया । साम्प्रदायिकता को धार्मिक आस्था का जामा पहनाया । साम्प्रदायिकता क्या है ? आदमी अपने धर्म को तो माने लेकिन दूसरे के धर्म से नफरत करे, दूसरे के धर्म को नेस्तनाबूद करने के लिये सर्वस्व न्योछावर कर दे। तो उन्होंने उस साम्प्रदायिकता को धर्म के नाम पर अनपढ़ लोगों में, गरीब लोगों के अन्दर प्रचारित किया और जिसके नतीजे में इनको चुनाव के अन्दर कुछ सीटें ज्यादा मिलीं और उससे प्रेरित होकर, मोटिवेट होकर इन्होंने एकता यात्रा का एक नया नाटक खड़ा किया। उस एकता यात्रा के भी वही उददेश्य थे जो आडवाणी जी की रथ यात्रा के थे । लेकिन उनके वह उद्देश्य पूरे नहीं हो सके, क्योंकि प्रधान मंत्री जी ने उनकी इस यात्रा को कहीं रोका नहीं, जिससे वे हीरों बन सकें, जिससे वे खून की होली खेल सकें ।

कल बड़े जोरों से कह रहे थे कि उस लाल चौक पर हमने झंडा फहराया। मैं पूछना चाहता हूं कि तिरंगा झंडा तो यह कांग्रेस सरकार और इस कांग्रेस के द्वारा कश्मीर के लिये बनी हुई सरकार हमेशा फहराती रही है और उस दिन भी जो झंडा फहरा वह प्रधान मंत्री जी ने

[डा० अबरार अहमद]

ही इनके हाथों से वहां फहरवाया, वरना वहां जाने की इनकी हिम्मत नहीं थी। क्योंकि 15 अगस्त, 26 जनवरी को कोई भी नागरिक कहीं भी तिरंगा झंडा फहराने का अधिकारी है और अगर उसके अंदर कोई विवशता है, कोई दिक्कत है तो सरकार का कर्तव्य है कि उसको सुविधा उपलब्ध कराये । तो वे जिस तिरंगे झंड की बात करते हैं, हमारे प्रधान मंत्री नरसिंह राव जी ने वायुयान से उन्हें वहां पहुंचवाया और तिरंगा झडा फरवाया, वरना इनकी क्या हैसियत थी और क्या विसात थी कि वे वहां तक पहुंच सकते थ, जिसके बारे में इतने फक्र की और गर्व की बात करते हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कल सिकन्दर बख्त साहब ने जमाते इस्लामी की एक बात यहां कही थी । जमाते इस्लामी वास्तव में एक धार्मिक संगठन है । वे यहां नहीं हैं, वरना मैं उनको यह बताता । उनके प्रतिनिधि इस बात को अवश्य सुन रहे होंगे कि कांग्रेस का कभी इस जमाते इस्लामी से सम्बन्ध नहीं रहा । लेकिन 1977 के अंदर अगर किसी एक मंच से भाषण दिया तो भारतीय जनता पार्टी के नेता और जमाते इस्लामी के नेताओं ने दिया । अगर चुनाव एक साथ लड़े तो भारतीय जनता पार्टी के नेता और जमाते इस्लामी के नेता एक जगह लड़े । जिसका कांग्रेस पर यह आरोप लगाना चाहते हैं। जब उनका मतलब होता है, स्वार्थ सिद्धि होती है, और वोटों की राजनीति में कोई मदद करता है तो वही जमाते इस्लामी उनकी सहयोगी हो जाती है, उनके लिये अच्छी हो जाती है । लेकिन जब उनका स्वार्थ नहीं रहता तो उसको कांग्रेस पार्टी पर या जिस भी पार्टी का राज्य है, उसको लांछित करने के लिये जमाते इस्लामी की उंगली उसकी तरफ उठाने का वह प्रयास करते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक माननीय सदस्य हरि सिंह जी जब यहां अपनी बात कह रहे थे तो एक बड़ा अच्छा सुझाव उन्होंने दिया था और मैं भी उस सुझाव की तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । उन्होंने कहा था कि विदेशी दूतावासों के अन्दर नौकर-पेशा लोगों को कम भेजा जाये, राजनीतिक लोगों को ज्यादा भेजा जाये । इसकी वास्तव में एक अहमियत है । जितने भी मिडिल ईस्ट के देश हैं या जितने भी दूसरे देश हैं वहां उनका राजा या बादशाह या प्रधान मंत्री एक नौकर पेशा आदमी को बराबरी का दर्जा नहीं देता, उससे भी बात करना पसंद नहीं करता उससे भी राजनीतिक बातों के अंदर आपस में बराबरी के दर्जे की बात को नहीं लेता । लेकिन अगर राजनीतिक व्यक्ति को हम वहां लाते हैं, राजनीतिक

3P.M. व्यक्ति को हम वहां भेजते हैं तो निश्चित रूप से हमारे देश के जो राजनीतिक उद्देश्य हैं, वह उसके द्वारा पूरे हो सकते हैं । दूसरी तरफ जो भी एक व्यक्ति अपनी सर्विस के दृष्टिकोण से विदेश जाना चाहता है, उसकी प्राथमिकता में और एक राजनीतिक व्यक्ति की प्राथमिकता में फर्क पड़ेगा । अगर एक व्यक्ति मात्र नौकरी के लिए विदेश में जाएगा तो उसकी प्राथमिकता अपने स्वयं और अपने परिवार की आवश्यकताएं पूरी करने की होगी और एक हद तक एक समय सीमा के अंदर 10 से 5 बजे तक की नौकरी करने की होगी और उसके बाद प्राथमिकताएं दूसरी होंगी । लेकिन अगर एक राजनीतिक आदमी वहां जाएगा तो निश्चित रूप से उसकी प्राथमिकता अपने देश के लिए होगी और उसका जो उद्देश्य है वहां रहने का, वह उसे पूरा करेगा । इसलिए जहां तक दूतावासों के अंदर राजनीतिक उद्देश्य के लिए नियुक्तियों की बात है, उसमें राजनीतिक लोगों को प्राथमिकता के आधार पर भेजा जाए ।

महोदय, मैं इस बात के लिए सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि इस कश्मीर समस्या से निपटने के लिए जिस मजबूत के साथ नरसिंहराव जी की सरकार प्रयास कर रही है, जिस मजबूती के साथ इस समस्या को खत्म करने के लिए उन्होंने कदम उठाए हैं, उससे मैं यकीनी तौर से कह सकता हूं कि कुछ ही दिनों के अंदर यह समस्या समाप्त हो जाएगी ।

अभी जिस प्रकार से जे.के. एल.एफ. पर पाबंदी लगाई गई, वह बहुत जरूरी था क्योंकि उस संगठन के माध्यम से आतंकवादी अपनी गतिविधियों को बढ़ा रहे थे । उसके माध्यम से वे निर्दोष लोगों को परेशान कर रहे थे और आतंक पैदा कर रहे थे । उससे यह बहुत जरूरी हो गया था कि इस तरह के संगठनों पर पाबंदी लगाई जाए और वह कार्य हमारी सरकार ने किया ।

इसके साथ ही साथ एक तीन सूत्री प्रोग्राम दिया गया है और उसके तहत आतंकवादियों पर बराबर दबाव डाले रखना, आतंकवादियों के विरुद्ध सूचनाएं प्राप्त करना और सुरक्षा बलों को कम से कम क्षति पहुंचे, इस तीन सूत्री कार्यक्रम के तहत वहां पर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि आतंकवादियों की शक्ति कम हो और वहां शांति स्थापित हो ।

इसके साथ ही साथ में आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि कश्मीर की स्थिति के सुधार के लिए कुछ आवश्यक बातें जो सरकार को करनी चाहिए और जिनके बारे में मेरे पूर्व वक्ता साथियों ने भी कहा है कि वहां रोजगार के साधनों को उपलब्ध कराया जाए जिससे जो बेरोजगार युवा भटक जाते हैं या पाकिस्तान जो हमेशा इस प्रयास में लगा रहता है कि किसी प्रकार से हमारे मुल्क के अंदर अस्थिरता पैदा हो और यहां के युवाओं को भटकाकर यहां-वहां ले जाकर ट्रेनिंग दी जाए, उनको यदि हम रोजगार उपलब्ध कराएंगे तो शायद उसके उस कार्य में निश्चित रूप से बाधा पहुंचेगी । दूसरा, वहां के लोगों में कान्फिडेंस रिस्टोर किया जाए और तीसरी बात जो भारतीय जनता पार्टी और खास तौर से बख्त साहब के प्रतिनिधियों से मैं कहना चाहूंगा कि वे कश्मीर के अंदर स्टेबिलिटी चाहते हैं, शांति चाहते हैं लेकिन हर बार ये नारा लगाते हैं और यह बात कहते हैं कि धारा 370 हटा दी जाए तो इसको हटाने की बात कहकर वे वहां शांति स्थापित करने की बात करते हैं या वहां के लोगों में इस प्रकार की भावनाएं पैदा करते हैं कि ये हमारे अधिकारों को कचोटना चाहते हैं ।

अगर वे वास्तव में वहां शांति चाहते हैं तो पहले वहां के माहौल को सामान्य बनाने के लिए यह नारा लगाना छोड़ें, 370 की बात छोड़ें । जब वहां की स्थिति सामान्य हो जाएगी, सारी बातें ठीक हो जाएंगी तो हो सकता है कि एक दिन वह भी आए जब 370 हटा दी जाए लेकिन अभी के माहौल में जब कश्मीर में आग लगी हुई हो, जब पाकिस्तान कश्मीर के माध्यम से हिंदुस्तान में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास करता हो, वहां हम आग के अंदर तेल डालें और धारा 370 को हटाने की बात करें ताकि वहां के लोग भी उस बात को सुनकर भड़कें और पाकिस्तान जो करना चाहता है, उसको अपने मकसद में कामयाबी मिले तो यह ठीक नहीं होगा । इसलिए अभी वे धारा 370 की बात को बिल्कुल खत्म करें, उसकी बात न करें और उस दिन का इंतजार करें जब सारी स्थिति सामान्य हो जाए और वहां के लोग कहें कि आज हम में और देश के दूसरे हिस्सों में कोई फर्क नहीं है इसलिए यह धारा हटनी चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कश्मीर के लोगों से पाकिस्तान को कोई सिम्पैथी नहीं है । वह सिर्फ कश्मीर के लोगों को एक टूल बनाकर अपना उद्देश्य पूरा करना चाहता है । इस बात को लोगों को समझाने की जरूरत है । जो लोग कश्मीर से शरणार्थी के रूप में यहां आए हैं, चाहे वे किसी भी कारण से आ गए हों, किसी भी धर्म या समुदाय के हों, उनकी पूरी मदद की जानी चाहिए और उनको दोबारा वहां भेज करके उनकी पुनर्स्थापना की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

महोदय, अंतिम बात मैं यह कहना चाहूंगा कि मेरे पूर्व वक्ता कल दूरदर्शन की बात यहां कह रहे थे कि दूरदर्शन पर जिस प्रकार के कार्यक्रम दिखाए जाते हैं कश्मीर के अंदर, जो पाकिस्तान के

[डा० अबरार अहमद]

प्रोग्राम है, वे काफी लोकप्रिय होते हैं। काफी अच्छे नाटक या अन्य प्रोग्राम वहां दिखाए जाते हैं लेकिन हमारे दूरदर्शन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम नहीं दिखाए जाते हैं। तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि वास्तव में सवाल अच्छे नाटक या अन्य कार्यक्रमों का नहीं है बल्कि उन नाटकों और संगीत के कार्यक्रमों के माध्यम से वहां की जनता को गुमराह किया जाता है चार घंटे तो वे नाटक दिखाते हैं या संगीत दिखाते हैं तो आधा घंटा वे लोगों को भड़काने वाली बात करके हमारे देश के लोगों को उकसाते हैं। इस को देखते हुए आपको चाहिए कि दूरदर्शन के ज्यादा से ज्यादा केन्द्र वहां पर बनाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उन कार्यक्रमों को देख सकें और सही बात को समझ सकें और नाटकों के जाल में फंसकर जो वे चार घंटे में से आधा घंटा इस देश के लोगों को भड़काने वाली बातें कहकर अपना मकसद पूरा करना चाहते हैं उनको अपने मकसद में नाकामयाबी मिले। इसलिए मेरा अंतिम सुझाव होगा, इस मंत्रालय की माननीया मंत्री महोदया, यहां बैठी हुई हैं, मुझे उम्मीद है कि व इस संबंध में कार्यवाही करेंगी जिससे पाकिस्तान अपने मकसद में कामयाब न हो सके और इस देश के लोगों को गुमराह न कर सके। धन्यवाद।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके पहले जब 6 महीने के लिए वहां पर राष्ट्रपति शासन बढ़ाने की बात आती थी तो हमारे जैसा आदमी सोचता था कि 6 साल में भी काश्मीर का सवाल हल हो जाए तो हम देखकर मरेंगे...

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : मरने की बात क्यों करते हैं, अभी आप दीर्घायु होंगे।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : राजनीतिक दृष्टि से।...

श्री चतुरानन मिश्र : राजनीतिक नहीं शारीरिक दृष्टि से। हमने कहा कि हम ऐसा सोच रहे थे कि 6 साल में भी वहां की हालत ठीक होगी या नहीं। अब एक फेवरेबल फैक्टर हो गया, कोल्ड-वार अब समाप्त हो गया है। इसके बाद एक नई संभावना जगी है, मैं नहीं जानता कि हमारी सरकार इस बारे में सचेष्ट है या नहीं। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि दुनियां में एक ऐसा वातावरण आया है जिसके चलते पाकिस्तान को पहले जैसे अमरीका से मदद मिल रही थी वह मदद अब संभव नहीं है। जे.के.एल.एफ. के मूवमेंट में भी हमने देखा कि इस तरह की बात हुई है। यह परिवर्तन आया है। आपने यह भी देखा कि ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने दूसरा रुख अपनाया है। उनको भी कहना पड़ा कि शिमला पैक्ट के अदर बातचीत होनी चाहिए। जो यूरोप के अन्य देश हैं उनके भी विचार में परिवर्तन आया है। इसमें दो तीन फैक्टर हैं जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।

पहला यह है कि सारी दुनियां में टैरोरिज्म को एक गंभीर समस्या समझकर उसके खिलाफ एक वातावरण बना है। दूसरा सबसे बड़ा मसला यह है कि नशीले पदार्थों का जो व्यापार होता है उससे बहुत ज्यादा पैसा आने से उग्रवाद को बढ़ावा मिला है। तीसरी बात यह है कि लोग रीजनल वार नहीं चाहते हैं क्योंकि उससे हालत खराब होने लगती है। मेरा ख्याल है कि हमारी सरकार इन तीनों मुद्दों का जो उपयोग करना चाहिए वह नहीं कर रही है। एक मुद्दे का इन्होंने इस्तेमाल किया। जब हमारी सरकार ने यू.एन.ओ. को पत्र भेजा जे.के.एल.एफ. के बारे में तो हमारे जैसे आदमी को चिन्ता हुई कि कहीं दूसरे वक्त पर इसका नाजायज इस्तेमाल तो नहीं होगा क्योंकि कुछ ही दिन पहले हमारे प्रधान मंत्री गए थे सैक्यूरिटी काउंसिल के 15 जो सदस्य हैं उनकी सरकारों के हैड्स की बैठक में। उसमें एक क्लाज बड़ा खतरनाक है। अभी तो समझ में नहीं आ सकता है। उसमें है कि सैक्यूरिटी काउंसिल प्रिवेंटिव ऐक्शन ले सकती है। यह प्रिवेंटिव ऐक्शन लेने का अधिकार

दे दिया जाए तो न जाने कहां पर प्रिवेंटिव ऐक्शन ले लेंगे, इसका मुझे भय है। लेकिन मैं समझता हूं कि इस तरह की सम्मलिंग का जो धंधा है वह रुकने से काम नहीं चलेगा क्योंकि उसमें पाकिस्तान ही नहीं, भारत की भूमि का भी इस्तेमाल हो रहा है। पता नहीं सरकार किन कारणों से जितनी संजीदगी से काम लेना चाहिए था वह नहीं ले रही है। यह जो व्यापार है यह बिलियन डालर्स का है। नाजायज रूप से कमाकर वह टेरेरिस्टों को देते हैं। मर जाने के लिए तैयार हो जाते हैं जैसा आर्मी में होता है। इसलिए मैंने इन तीन बिन्दुओं की चर्चा कि इन पर बड़ी सावधानी से काम होना चाहिए तब हम देखेंगे कि काश्मीर समस्या का समाधान हो पायेगा।

दूसरे, दूसरे माननीय सदस्यों ने पाकस्तिान के बारे में कहा। मैं उससे सहमत हूं कि पाकिस्तान बहुत खुराफात करवा रहा है। इससे मैं अपने भाई सिकन्दर बख्त जी से भी सहमत हूं। जिस बात पर उनसे सहमत नहीं हूं वह बहुत गम्भीर बात है और यह हमारे दिमाग में है। आप प्रोफेसर हैं, विद्वान आदमी हैं इस पर जरा सोचिए। सब मिलकर सोचिए जो हम रख रहे हैं। क्या वजह है दुनियां का यह भूभाग जो ओलडेस्ट सिविलाइजेशन आफ लैंड रहा है, मेसोपोटामिया, बेबिलमेन मिश्र, अल्जीरया, ग्रीस और दूसरी तरफ चले आइये, भारत, श्रीलंका के अंदर हम देखते हैं कि एक रिलीजस फंडामेंटेलिज्म है। हमारे भाई सिकन्दर बख्त ने बड़ी चर्चा की कि मुसलमानों में इस तरह का फंडामेंटेलिज्म है। वह हैं नहीं, हमारे दूसरे भाई लोग हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि यहां के हिन्दुओं को क्या हो गया यह तो मुसलमान नहीं है। यह भारत के हिन्दू मुसलमान नहीं है इनको क्या होगया। यह सवाल कहां से उठाकर ले आये। बाबरी मस्जिद और अयोध्या की बात इतने दिनों तक नहीं उठी आज क्यों उठ गई ? इतिहास के 500 वर्ष की बात उठाकर ले आये क्योंकि यह आपकी राजनीति को सूट करती थी। यह दूसरे को दोष देकर नहीं होगा। अगर आप कहें श्रीराम के भक्त आप बहुत ज्यादा है तो मैं आपसे कहूंगा कि तुलसीदास भी आप से कम भक्त नहीं थे। उन्होंने इतनी मोटी रामायण लिखी। उसमें उन्होंने कहीं भी लिखा बाबरी मस्जिद का सवाल हल करना चाहिए। एक लाइन लिख देते तो कोई हर्ज नहीं था। किसी का डर नहीं था उनको।

उपसभाध्यक्ष (श्री चन्द्रेश पी० ठाकुर) : तुलसीदास जी हिस्टोरियन नहीं थे।

श्री चतुरानन मिश्र : हिस्टोरियन की बात नहीं है। उधर से जो लोग आ रहे हैं क्या सब हिस्टोरियन ही आ रहे हैं। इसलिए यह मत कहिये ये हिस्टोरियन लोग ऐसा कह रहे हैं। लिखते तो चेतना होती अनैतिक बात होती तो महराणा प्रताप इस सवाल को लेकर उठ गये होते। थोड़े दिन के बाद बाबर के पौते के वक्त में यह हुआ था वह इस सवाल को उठा लेते जो आज उठाया जा रहा है। इसमें कुछ गलत बयानबाजी घनघोर प्रचार अखबारों में होता है। जो हमारे जम्मू-कश्मीर के गवर्नर हैं उनको पत्र लिखा। क्योंकि मैं दो महीने पहले वहां गया था इसलिए कि वहां के हिन्दुओं ने शिकायत की थी कि हमारे बहुत से मन्दिरों को तोड़ दिया गया। मैंने वहां के गवर्नर को पत्र लिखा कि यह बताया जाए कितने हिन्दु मन्दिरों को तोड़ा गया और नाम लिखकर पूछा कि क्या ये ये मन्दिर तोड़े गये ? गवर्नर के जवाब को मैंने राष्ट्रीय एकता परिषद में भी पेश किया था। उसमें बताया गया कि मात्र दो मन्दिरों को तोड़ा गया और एक डैमेज हुआ है। एक मस्जिद भी डेमेज हुई है और यह आतंकवादियों ने की है। लेकिन भाजपा अखबार लिखते हैं कि दर्जनों, सैकड़ों तोड़े गये यह उन्माद पैदा करने के लिए लिखते हैं। कोई इनसे पूछे आपकी यह जो रथ यात्रा शुरू हुई एकता यात्रा के पहले जिसको दंगा यात्रा कहते हैं उस वक्त कितने मस्जिदों पर हमला हुआ भारत में ? इसका कोई जवाब देंगे ? अगर किसी निष्पक्ष अदालत में जायेंगे तो क्या जवाब दिया जायेगा, ?पता नहीं। जो भारत में

[श्री चतुरानन मिश्र]

हिन्दु-मुस्लिम दंगे हुए हैं सिर्फ 1988-89 में, इन दो वर्षों में जो मेजर दंगे हुए हैं उसमें 2,129 व्यक्तियों की मत्यु हुई और 4,899 लोग बुरी तरह से घायल हुए इस पुण्य भारत भूमि में। इसके लिए कोई जिम्मेदार है या नहीं ?

श्री संघ प्रिय गौतम : आपने 1989 के दंगों का जिक्र किया तो तब न रथ यात्रा निकली थी और न एकता यात्रा निकली थी ।

श्री चतुरानन मिश्र : हमने कहा सिर्फ दो साल का । दुनियां के लोगों को आप क्या जवाब देंगे ?

श्री अन्तराय देवशंकर दवे : वहां पर सिर्फ एक ही जाति के लोग नहीं मरे हैं, बल्कि सभी जातियों के लोग मरे हैं, आप सिर्फ एक की ही बात करते हैं...(व्यवधान)।

श्री चतुरानन मिश्र : हम यह बात कहां कह रहे हैं ? आपके मन में चोर है, इसलिये आप यह बात कह रहे हैं। हमने तो कहा है कि दोनों भिन्न-भिन्न धर्मों के लोग मरे हैं। जब धर्म युद्ध होता है तो आपका नाम युद्ध करवाने वालों में होता है। यही बात वे लोग भी कहते हैं..(व्यवधान)। इसका मतलब तो यह हुआ कि ये सब लोग गलत हैं, आप ही ठीक हैं। आप ही बताइये कि दंगा-फंसाद वहां पर क्यों होता है जहां जहां पर आप जाते हैं ? यही आप बता दीजिये। हम इसलिए इन बातों की चर्चा नहीं कर रहे हैं कि इस बारे में आपकी पार्टी का और हमारा मतभेद है। यह समस्या नहीं हैं। समस्या यह है कि काश्मीर एक ऐसा भूभाग है जो पाकिस्तान से सदा हुआ है। यह बंगाल और बिहार की तरह से नहीं है। वहां के लोग मुख्यतः गांधी जी और नेहरू जी को देख कर भारत के साथ आये थे। मैं भी कश्मीर गया था। वहां के मुसलमानों ने हमसे कहा कि वे सेकुलर भारत के साथ आए थे। उनके साथ नहीं आये हैं जो दंगा करवाने वाले हैं। कांग्रेस सरकार यहां पर बैठी हुई है। आप मुरली मनोहर जोशी को हवाई जहाज से ले जाइये, राकेट से ले जाइये, यह आपकी खुशी है। लेकिन वहां के लोग समझ रहे हैं कि आप उनको संरक्षण दे रहे हैं जो भारत में हिन्दूवाद को जगा रहे हैं। आपका यह राजनैतिक दांवपेंच हो सकता है। लेकिन आप यह समझ लीजिये कि आप दुनिया के पास यह संदेशा दे रहे हैं कि आप उन लोगों के साथ कम्प्रोमाइज कर रहे हैं जिनका नाम भारत में दंगा-फंसाद कराने वालों में है। हम इसकी चर्चा क्यों करते हैं ? इसलिए नहीं कि हम बी.जे.पी. पर कोई हमला करना चाहते हैं। हम यह बात इसलिए कह रहे हैं कि भारत में जो सेक्यूलरिज्म है उसके ठीक विपरीत आप प्रचार कर रहे हैं। इसलिये कश्मीरी लोग भड़क जाते हैं। आप जानते हैं कि उनके नजदीक पाकिस्तान है और पाकिस्तान उसका नाजायज फायदा उठा रहा है। मैं सिर्फ एक ही मुद्दे पर बोलना चाहता हूं, और कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : आप समय बहुत ले चुके हैं। आप विषय पर बोलिये।

श्री संघ प्रिय गौतम : आप इनको बोलने दीजिये, हम भी सुनना चाहते हैं ।

श्री अन्तराय देवशंकर दवे : आलोचना कर रहे हैं।

श्री चतुरानन मिश्र : मैं आलोचना के लिए नहीं कह रहा हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि समस्या का निदान तब तक नहीं होगा जब तक आप फिर से गांधी और नेहरू के रास्ते पर चलकर भारत का सेक्युलरिज्म का झण्डा बुलन्द नहीं करेंगे। तब तक लोग आपके साथ नहीं आएंगे। मैं कहना चाहता हूं कि भाजपा के आप माननीय सदस्य वहां गये थे या नहीं गये थे, मुझे नहीं मालूम, लेकिन श्रीनगर के आपके साथ पांच आदमी भी नहीं थे।

श्री अन्तराय देवशंकर दवे : वहां पर कर्फ्यू लगा हुआ था।

श्री चतुरानन मिश्र : कर्फ्यू लगा होता है तो क्या लोग नहीं आते हैं ? हम स्वयं कर्फ्यू तोड़कर जाते हैं। आप

कर्फ्यू हटा दीजिये, फिर देखिये आपके साथ कितने आदमी आते हैं। आपको तो हवाई जहाज मिला हुआ था, पब्लिक की तरफ से तो आपको जीरो मिला हुआ था। इसलिए सेन्ट्रल क्वेश्चन यह है कि एलिनेशन आफ दी पीपुल आफ काश्मीर क्यों हुआ? जो कश्मीरी लोग पाकिस्तान से लड़े थे, जिन्होंने अपना खून बहाया था, वे आज ऐसा क्यों कर रहे हैं? आपने काश्मीर में खून नहीं बहाया था। नेहरू जी की फौज वहां नहीं पहुंची थी। उस वक्त उन्होंने पाकिस्तान का मुकाबला किया था। लेकिन ऐसी कुछ घटना घटी है जिसके चलते यह बात हुई है। मैं यह बात एक राजनैतिक दृष्टिकोण से कह रहा हूं। प्रशासनिक ढांचे पर तो बहुत से लोग बोले हैं और आपको जो कार्यवाही करनी चाहिए वह अवश्य कीजिये, सेक्यूरिटी का प्रबन्ध कीजिये। लेकिन दिल को जोड़ने का काम राजनैतिक पार्टियों को करना है। इसमें आपकी पार्टी बाधा डाल रही है। आप चलिये काश्मीर में और मीटिंग कीजिये। आपकी मीटिंग में सियार भी नहीं भोंकेगा... (व्यवधान)।

श्री संघ प्रिय गौतम: आप ही वहां पर सरकार बना लीजिये या ये बना लें।

श्री चतुरानन मिश्र: मैं सवाल पूछ रहा हूं, आप सरकार की सोच रहे हैं? आप तो सरकार की बात सोचते हैं, हम देश की बात सोचते हैं। यही आप में और हम में फर्क है। आपकी सरकार मध्य प्रदेश में, यू.पी. में है तो क्या आप हमारी गर्दन काट लीजियेगा। लेकिन जो हमारी गर्दन काटेगा हम उसकी गर्दन पहले मरोड़ कर फेंक देंगे।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश्वर ठाकुर): हिंसा की चर्चा नहीं होनी चाहिए।

श्री चतुरानन मिश्र: अगर कोई हमारी गर्दन काटेगा तो हम उसकी गर्दन मरोड़ कर पहले ही फेंक देंगे। इसलिए ऐसी बात मत कहिये, आपकी गर्दन भी बची रहेगी और हमारी भी बची रहेगी। तो इसलिये हम जिस बात का जिक्र कर रहे थे उपसभाध्यक्ष महोदय कि काश्मीर को जीतने के लिये सरकार हम लोगों की कुछ मदद करे। पहली बात यह है कि जो भी सेकुलर पार्टीज हैं, उन पार्टीज की प्रधानमंत्री एक मीटिंग बुलायें और जिसमें नेशनल कान्फ्रेंस के लोग भी रहें और एक रास्ता इसमें तय किया जाय कि हम लोग जनता का हृदय जीतने के लिये वहां क्या क्या करें। उपसभाध्यक्ष महोदय, उसमें एक प्वाइंट है, जो कश्मीर का भारत में विलय हुआ है उसका एक इतिहास है। हमारे पास वक्त नहीं है जो कि इसके इतिहास में जाएं लेकिन आर्टिकल 370 इज ए नेशनल कमिटमेंट। आप अभी इसके खिलाफ मत जाइये। हमारा ख्याल है कि वह वक्त आयेगा जब कि वही लोग कहेंगे कि वह परिवर्तन चाहते हैं। आप मत कहिये कि हम इसको तोड़ेंगे क्योंकि यह एक नेशनल कमिटमेंट है। आप वहां उचित ढंग से लोगों को सेक्यूरिटी दीजिये। वहां पर हमारे पार्टी के स्टेट सेक्रेटरी को मार दिया गया, कई लोग मारे गये हैं। कोई राजनीतिक पार्टी दफ्तर नहीं चला सकती वहां पर कुछ एरियाज हैं जो मिलिटेंट की दृष्टि से थोड़े कमजोर इलाके हैं। वहां हम लोग काम कर सकते हैं। लेकिन कोई प्रोटेक्शन नहीं है। सरकार के लोग वहां से भाग गये हैं। आपका टी.वी. वहां नहीं जाता, रेडियो नहीं जाता, सब दफ्तर जम्मू में पड़े हुए हैं। सभी पार्टियों के लोग भागकर जम्मू में पड़े हुए हैं। कहीं तो प्रोटेक्शन दीजिये ताकि हम लोग वहां काम कर सकें, पर्चे बांट सकें और उनसे कुछ बात कर सकें कि क्यों तुम हमसे नाराज हो, क्या ऐसी बात हुई है, कहां जाना चाहते हो। मैं समझता हूं कि यह जो परिस्थिति आई है, जिसका मैंने पहले ही आपको बताया कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते नये हालात पैदा हुए हैं और हम चाहते हैं कि भारत की तमाम राजनैतिक पार्टियां इसका हल निकालने की कोशिश करें। इसी संबंध में, मैं रिफ्यूजियों के बारे में कई बार बोल चुका हूं और मैं फिर इसे दोहराना नहीं चाहता। लेकिन यह जरूर कहना चाहता हूं कि वे एक अमानवीय स्थिति में पड़े हुए हैं। इसलिये हम सरकार से अनुरोध करेंगे कि सरकार उनके बारे में सोचे।

[श्री चतुरानन मिश्र]

दूसरी बात यह है कि जो लोग जेलों में हैं उनको कितने दिनों तक बिना मुकदमा चलाये आप वहां रखेंगे, एक साल, 6 महीने । इसलिये आप ऐसे लोगों को छोड़ दीजिये ताकि वे जल्दी से जल्दी बाहर आयें और आप उनके साथ बातचीत कर सकें ।

भारत की सीमा पर जे.के.एल.एफ. के एक सेक्शन में बहुत बड़ा हंगामा मचाया हुआ है, । लेकिन आप जानते हैं कि वह एक दूसरा सेक्शन है जोकि इतना फंडामेंटलिस्ट नहीं है, इतना रिलीजियश फंडामेंटलिस्ट नहीं है जितना कि जमायती-इस्लाम का मिलिटेंट सेक्शन है। मैं चाहता हूं कि एक डिफेंशियल अप्रोच आप उनके बारे में लीजिये और उनके साथ बातचीत चलाइये । इस बारे में कुछ हम लोगों को भी सुविधा दीजिये ताकि हम लोग इस बारे में उनके साथ बातचीत कर सकें । लेकिन अभी आपकी कोई लाइन नहीं है। भाजपा का लाइन आफ आपरेशन है वहां मिलेट्री भेज दो । अगर मिलेट्री ही भेजना है तो आप और हम लोग क्यों बैठे हुए हैं ? जो रास्ता आप बता रहे हैं तो उसके चलते आज यह दिन आ गया कि कश्मीर में मिलेट्री भेज दो, पंजाब में मिलेट्री भेज दो, यू. पी. की तराई में मिलेट्री भेज दो और मध्य प्रदेश में बाहर से नई नई बंदूक लाने की इजाजत दे दो और फिर अगर ऐसा ही चलता रहा तो आंध्र में मिलेट्री भेज दो, सारी जगह मिलेट्री भेज दो और हम सब लोग लोटा डोरी लेकर कहीं दूसरी जगह चले जायें । यह कोई रास्ता नहीं है डेमोक्रेसी का । जो डेमोक्रेसी का रास्ता है उसको अपनाकर ही हमको इस समस्या का हल करना चाहिये ।

महोदय, मैं एक दो मिनट का समय और लेना चाहूंगा ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चंद्रेश पी० ठाकुर): आधा मिनट लीजिये । बहुत समय आपने ले लिया है ।

श्री चतुरानन मिश्र: अभी हमारे एक मित्र ने यूनिफार्म सिविल कोड की बात कही । हम आपसे कहना चाहते हैं कि हम इस बात के बिलीवर हैं कि यूनिफार्म सिविल कोड होना चाहिये लेकिन यह स्वेच्छा से होना चाहिये, जबर्दस्ती किसी पर लादकर नहीं होना चाहिये । ऐसी बात है कि उनकी जो रिलीजियश बुक है, इस्लाम के मानने वालों की, उसमें बहुत डिटेल में हिदायतें हैं पर्सनल ला के बारे में । ऐसा गीता में नहीं है, वेदों में नहीं है । हमारे वेदों में सिर्फ प्रेयर्स है । लेकिन उसमें ऐसा है कि लड़की को कितना हिस्सा मिले, लड़के को कितना हिस्सा मिले, शादी किसके साथ हो और किसके साथ न हो, ये सारी डिटेल्स पैगम्बर साहब की हिदायतों में है । लेकिन भाजपा के साथियों के कहने का अर्थ कि कुरान शरीफ में तरमीम कर दिया जाये, उसमें अमेंडमेंट कर दिया जाय, तो क्या यह कोई रेजोल्यूशन है जो पास हो रहा है और आप इसमें अमेंडमेंट कर रहे हैं । इसलिये हम लोग कहते हैं कि इस दिशा में हम लोग कार्य करें, प्रचार करें और उनको इन बातों को समझायें कि देश के अंदर हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

श्री संघ प्रिय गौतम: आप यह मानते हैं न कि यूनिफार्म सिविल कोड होना चाहिये ?

श्री चतुरानन मिश्र: होना चाहिये लेकिन जबदस्ती नहीं बल्कि स्वेच्छा से होना चाहिये । यही हमारे और आपमें फर्क है। हमारा बहुत साफ स्टैंड है, यह हमारे संविधान में लिखा हुआ है । यूनीफार्म सिविल कोड कोई नयी बात नहीं हो रही है । हमारे संविधान के अनुसार हमें उस डायरेक्शन में जाना चाहिये लेकिन विलिगनेस के आधार पर, कम्पलशन के आधार पर नहीं, रिलीजियस इंटरफियरेंस कर के नहीं । इसके लिए आप काम कीजिये। इसलिए हम बी.जे.पी. के मित्रों से यह कहेंगे कि सचमुच में आप इस दिशा में कुछ काम करें और उनके हृदय को जीतने का प्रयास करें । मैं समझता हूं 6 मास की नहीं 9 मास की अनुमति हम दे देते

हैं लेकिन आपसे डलीवरी नहीं होती है। यही दिक्कत है, 9 महीने भी अगर ले लें, इसीलिए हम आपसे अनुरोध करेंगे कि कोई ऐसी लाइन आफ तय कीजिये, लाइन आफ एक्शन, एक्शन प्लान हो जिसमें हम सब लोग मिल करके उनके पास जाएं और उनके हृदय को जीत सकें और कश्मीर की समस्या हल कर सकें । मैं यह आपको बता रहा हूं कि कश्मीर में विदेशी हस्तक्षेप अब दिनोंदिन घटेगा । इसलिए ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिये जिससे हम निकट भविष्य में वहां चुनाव करवा सकें और बार बार राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत न रहे । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR) : Shri Mohd. Khaleelur Rehman. One request to hon. Members. We have limited time. Today, this Statutory Resolution has lo be passed. There is no time. The deadline is 2nd March. We expect the Finance Minister here any time. He may have some communication.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : Sir, we are not meeting on 2nd march-

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR) : Yes. We are not meeting on 2nd March. Therefore, in view of the limitation of time, 1 hope hon. Members will appreciate it and co-operate.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Uttar Pradesh) : Are we taking up the Motion of Thanks on the President's Address today?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR) : Not today. It is not listed for today.

SHRI M. S. GURUPADA-SWAMY : It is listed.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR) : May be, if we have lime, we can make a beginning. Now, Mr. Rahman. Don't take more than five minutes.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश) : मेरी पार्टी का टाइम कितना है ?

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर:) : इतना सारा अनुरोध इसीलिए तो किया गया है कि आप वालेंटरी इसमें कुछ सहयोग कीजिये ।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान : मैं खत्म करने की कोशिश करूंगा ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : कोशिश करेंगे, कमिटमेंट नहीं कर रहे हैं ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): कोशिश करेंगे तो सफलता मिलेगी ।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान : जनाब वाइसचेयरमैन साहब, कश्मीर का मसला बड़ा हसास मसला है लिहाजा इस मसले को इंतेहाई एतिहात के साथ निबटने की जरूरत है और डील करने की जरूरत है । 1947 ईस्वी में जब कश्मीर का इलहा हिन्दुस्तान से हुआ था अभी जैसे कहा गया मिश्रा साहब की जानिब से कि हिन्दुस्तान सेकुलर मुल्क है लिहाजा हमको सेकुलर मुल्क के साथ रहना चाहिये, यह समझ कर कश्मीर के आवाम ने शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की कयादत में कश्मीर का इलहा हिन्दुस्तान के साथ किया था । मगर इंतेहाई अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस पिछले 40–42 सालों में जिस तरह से कश्मीर के मसले को डील किया गया इफ्तदा से और इफ्तदा 1953 से शुरू होती है जब कि उसी शख्स को गिरफ्तार किया गया जिसकी कयादत में कश्मीर का इलहा हिन्दुस्तान के साथ

[श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान]

हुआ था । शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर के कोशिश इस बात की गई कि बख्शी गुलाम मोहम्मद जैसे कठ-पुतली वजीरे आला को वहां का चीफ मिनिस्टर बनाया जाए । कई साल तक बख्शी गुलाम मोहम्मद की हकूमत चलती रही । मगर फिर यह महसूस किया गया कि इक्तदार फिर दोबारा शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के हवाले किया जाए इस वजह से कि शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ही एक वाहेद लीडर थे तमाम जम्मू कश्मीर के अवाम के जोकि उनके शाइनादार थे और वहां के मजहर थे । चुनांचे यह समझ कर शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को दोबारा चीफ मिनिस्टर मुकर्रर किया गया । फिर इसके बाद शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के इंतकाल के बाद फारूख अब्दुल्ला को चीफ मिनिस्टर बनाया गया । फारुख अब्दुल्ला के ताल्लुक से भी यह देखा गया कि फारुख अब्दुल्ला के साथ भी ज्यादती की गई और जी०एम० शाह को कुछ दिनों के लिए चीफ मिनिस्टर बना दिया गया । लिहाजा वाकयात यह जाहिर करते हैं कि जिस तरह से कश्मीर के मसले को डील करना चाहिये था उस तरीके और एति-हात के साथ कश्मीर के मसले को डील नहीं किया गया ।

फिर इस दौरान में कई इलेक्शन वहां पर कराये गये जैसे कि कल ही मेरे मोहतरम बुजर्ग सिकन्दर बख्त साहब ने कहा था । मैं उनकी बात से इत्तिफाक करता हूं इस हद तक कि जितने भी इलेक्शंस वहां पर कराये गये, सही मानों में वे इलेक्शन नहीं थे, बल्कि रिगिंग होती गयी, हर दफा रिगिंग होती गयी और अपनी मर्जी के लोगों को वहां लाया गया । फिर इसके बाद करोड़ों रुपयों की मिकदार में ग्रांट दी गयी मगर इंतिहाई अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जिस मकसद के लिए ग्रांट दी गयी उस मकसद की तकमील नहीं हो सकी और वह पैसा अवाम तक नहीं पहुंच सका। इन तमाम बातों से वे बेजार हो गये थे। यह कहा जाय कि सिर्फ 1989 के बाद काश्मीर में बेचैनी हुई तो मैं इसको तसलीम करने के लिए तैयार नहीं हूं । पिछले कई सालों से काश्मीर में गड़बड़ होती रही है । इसकी वजह यह है कि वहां के मसलों को गलती से निपटाया गया । फिर हमने यह देखा कि इलेक्शंस जो हुए उनमें जो पैसा गया, जो रिगिंग हुई जो गड़बड़ हुई इन तमाम चीजों के कारण काश्मीर के अवाम में एक बेचैनी पैदा हो गयी और फिर वहां पर फारुख अब्दुल्ला को हटाया गया । कहा जाता है कि खास बी.जे.पी. की या किसी और की मर्जी के किसी एक साहब को गवर्नर बनाया गया । मगर मैं समझता हूं कि गवर्नर को भी मुरीदे इल्जाम करार देना उन गवर्नर के साथ नाइन्साफी है । वे बेचारे क्या कर सकते हैं जबकि सारे साल वहां पर बेइंसाफी होती रही है । मैं यह कहूंगा कि इन तमाम नाइंसाफियों के बाद हमको देखना यह है कि इसकी वजह क्या है । एक तो इलेक्शन के ताल्लक से है । वे लोग यह सोचते हैं कि हमारे सही नुमाइंदे नहीं आये, पैसा जो मिला वह उन तक नहीं पहुंचा। फिर दफा 370 की जो बात है वह इंतिहाई अहम है । एक मखसूस मौका 370 की वजह से काश्मीरियों को दिया गया था । वह आर्टिकल 370 काश्मीरियों के सिर पर तलवार की तरह लटक रही है और काश्मीरी यह समझ रहे हैं कि कभी भी किसी वक्त भी वह आर्टिकल बखास्त की जा सकती है और हमारा स्पेशल मौका, खुसूसी मौका जो दिया गया था उसको खत्म किया जा सकता है । जरूरत इस बात की है कि काश्मीरियों में एतमाद पैदा करें और उनको कहा जाए कि आर्टिकल 370 बहरहाल, बाकी और बरकरार रहेगी ताकि उनमें एक इत्मीनान की सांस आये । फिर इससे हटकर पिछले 4–5 सालों से हम वहां क्या देख रहे हैं कि वहां की मइशत बिल्कुल ठप्प होकर रह गयी है । वहां की जो असल मइशत, इन्कम थी वह टूरिज्म से थी । उसका क्या सूरतेहाल है । टूरिज्म इंतिहाई तबाह हो गया है यानी काश्मीर की तीन चौथाई इन्कम इंटरनेशनल टूरिज्म की वजह से थी । आज कोई भी सैयाह कोई भी टूरिस्ट वहां जाने के लिए तैयार नहीं है, हत्ता कि हिंदुस्तान का भी कोई टूरिस्ट वहां जाने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह से टूरिज्म की वजह से वहां की बरबादी हो गयी है । फिर दूसरी वजह

जो है वह यह है कि फलों की जो काश्त वहां होती थी उसके ताल्लुक से खातिरखाह काश्त नहीं हो रही है और खातिरखाह सबसिडी जो किसानों को मिलनी चाहिए वह भी खत्म हो गयी है। फिर वहां की जो दस्तकारी है उसकी निकासी मुश्किल मसला हो गयी है। किस तरह से वहां हैंडीक्राफ्ट्स की या जो चीजें बनती हैं उनको डिस्पोज आफ किया जाए किस तरह से उनकी निकासी हो सके जब टूरिस्ट ही नहीं आ रहे हैं। ये कई मसले ऐसे हैं जिनकी वजह से आज कश्मीर का मौका इंतिहाई नाजुक हो गया है। फिर एकता यात्रा के ताल्लुक से कई भाइयों ने कहा है। मैं भी यह कहूंगा कि एकता यात्रा जो निकाली गयी है, मैं समझता हूं कि वक्त की नजाकत को सामने रखते हुए इस एकता यात्रा की कतई जरूरत नहीं थी। मैं यह पूछना चाहता हूं कि एकता यात्रा निकाल करके आपने क्या पाया। एकता यात्रा निकाल-कर आप कुछ भी नहीं कर सके बल्कि आपने सारी दुनिया को यह बतला दिया कि काश्मीर में अगर आप झंडा लहरा सकते हैं तो सिर्फ फौज की मौजूदगी में लहरा सकते है, अवाम की मौजूदगी में नहीं लहरा सकते हैं। यह इंतहाई अफसोस की बात है कि इसमें हमारे हुकूमत भी बराबर की जिम्मेदार है। जब जम्मू से वह नहीं जा सकते थे, तो क्या वजह है कि उनको एयरलिफ्ट किया गया और हवाई-जहाज की सहूलियत दी गई है ? यह अभी भी क्वश्चन मार्क बना हुआ है और हमारे मोअज्जिज वजीरे दाखला, होम मिनिस्टर साहब से मैं कहना चाहता हूं कि वह अपने जवाब में इसकी सराहत करें कि क्यों उनको हवाई जहाज मुहैया किया गया और क्यों हवाई-जहाज के जरिए उनको श्रीनगर पहुंचाया गया ?

मैं तो यह कहूंगा कि एकता यात्रा में हुकूमत भी बराबर बी०जे०पी० के साथ शामिल है और दोनों ने मिल कर वहां पर इस किस्म का तमाशा किया। मुझे इंतहाई अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि सारी दुनिया के अवाम स्टार टी० वी०, सी०एन०एन० और बी०बी०सी० टी० वी० के जरिए यह देखता है कि अब श्रीनगर में कोई भी तिरंगा झंडा अवाम की मौजूदगी में नहीं लहराया जा सकता, सिर्फ फौज की मौजूदगी में ही झंडा लहराया जा सकता है। कितने अफसोस की बात है कि इस किस्म का मोआफिक लाकर खड़ा किया गया। इससे हट कर के क्या हुआ ? (समय की घंटी) यह मैं जानना चाहता हूं।

लिहाजा, अभी बातें तो बहुत सी कहने की हैं, पर टाईम की कमी की वजह से मैं इसको मुख्तसर में कहना चाहता हूं। मैं आपके तवस्सुफ से हुकूमत से दरख्वास्त करूंगा कि आप कश्मीरियों में ऐतमाद पैदा कीजिए कि आर्टिकल 370 को बर्खास्त नहीं किया जाएगा, वहां के टूरिज्म और हैंडिक्राफ्ट्स को तरक्की दी जाएगी, वहां के जिरात को तरक्की दी जाएगी और फिर वहां के जो बड़े-बड़े ओहदे हैं, उन पर मुकामी लोगों को लेकर आइये, बजाए इसके कि आप बाहर से, यानी कि हिंदुस्तान के दूसरे सूबों से लाकर आप जो डेप्यूट कर रहे हैं, उसकी बजाय वहां के जो मुकामी बड़े ओहदेदार हैं, अफसर हैं, उनको आप वहां पर मुतैयन कीजिए, ताकि उनमें एक किस्म का ऐतमाद पैदा हो सके और फिर वह यह समझ सकें कि बाकयतन हिंदुस्तान की हुकूमत हमारे साथ मुसलसल इनसाफ कर रही है।

शुक्रिया।

شری محمد خلیل الرحمٰن (آندھرا پردیش): جناب وائس چیئرمین صاحب، کشمیر کا مسئلہ بڑا حساس مسئلہ ہے۔ لہٰذا اس مسئلے کو انتہائی احتیاط کے ساتھ نبٹانے کی ضرورت ہے اور ڈیل کرنے کی ضرورت ہے۔ ۱۹۴۷ عیسوی میں جب کشمیر کا الحاق ہندوستان سے ہوا تھا، ابھی جیسے کہا گیا مشرا صاحب کی جانب سے کہ ہندوستان سیکولر ملک ہے۔ لہٰذا ہم کو سیکولر ملک کے ساتھ رہنا چاہیئے۔ یہ سمجھ کر کشمیر کے عوام نے شیخ عبداللہ کے قیادت میں کشمیر کا الحاق ہندوستان کے ساتھ کیا تھا۔ مگر انتہائی افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ ان پچھلے چالیس بیالیس سالوں میں جس طرح سے کشمیر کے مسئلے کو ڈیل کیا گیا۔ ابتدا سے اور ابتدا ۱۹۵۳ سے شروع ہوتی ہے۔ جبکہ اس شخص کو گرفتار کیا گیا۔ جس کی قیادت میں کشمیر کا الحاق ہندوستان کے ساتھ ہوا تھا۔ شیخ محمد عبداللہ کو گرفتار کرنے کی کوشش اس بات کی کی گئی کہ بخشی غلام محمد جیسے کٹھ پتلی وزیر اعلیٰ کو وہاں کا چیف منسٹر بنایا جائے۔ کئی سال تک بخشی غلام محمد کی حکومت چلتی رہی۔ مگر پھر یہ محسوس کیا گیا کہ اقتدار دوبارہ شیخ محمد عبداللہ کے حوالے کیا جائے۔ اس وجہ سے کہ شیخ عبداللہ ہی ایک واحد لیڈر تھے تمام جموں کشمیر کے عوام کے جو کہ ان کے آئینہ دار تھے اور وہاں کے مظہر تھے۔ چنانچہ یہ سمجھ کر شیخ محمد عبداللہ کو دوبارہ چیف منسٹر مقرر کیا گیا۔ پھر اس کے بعد شیخ محمد عبداللہ کے انتقال کے بعد فاروق عبداللہ کو وہاں چیف منسٹر بنایا گیا۔ فاروق عبداللہ کے تعلق سے بھی دیکھا گیا کہ فاروق عبداللہ کے ساتھ بھی زیادتی کی گئی اور جی ایم شاہ کو کچھ دنوں کے لئے چیف منسٹر بنا دیا گیا۔ لہٰذا واقعات یہ ظاہر کرتے ہیں کہ جس طرح سے کشمیر کے مسئلے کو ڈیل کرنا چاہیئے تھا۔ اس طریقے اور احتیاط کے ساتھ کشمیر کے مسئلے کو ڈیل نہیں کیا گیا۔ پھر اس دوران میں کئی الیکشن وہاں کرائے گئے۔ جیسے کہ کل ہی میرے محترم بزرگ جناب سکندر بخت صاحب نے کہا تھا۔ میں ان کی بات سے اتفاق کرتا ہوں۔ اس حد تک کہ جتنے بھی الیکشن وہاں پر کرائے گئے۔ صحیح معنوں میں وہ الیکشن نہیں تھے بلکہ رگنگ ہوتی گئی۔ ہر دفعہ رگنگ ہوتی گئی اور اپنی مرضی کے لوگوں کو وہاں لایا گیا۔ پھر اس کے بعد کروڑوں روپیوں کی مقدار میں گرانٹ دی گئی۔ مگر انتہائی افسوس کے ساتھ کہنا

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

